सात दिवसीय शिविर के आयोजन का उद्घाटन

अग्रवाल महाविद्यालय की एन० एस० एस० इकाइयों द्वारा दिनांक 11 मार्च 2017 से 17 मार्च 2017 तक सात दिवसीय शिविर का आयोजन महाविद्यालय प्राचार्य डॉ० कृष्णकांत गुप्ता जी के निर्देशन एवं संरक्षण में किया जा रहा है। इस शिविर का मूल विषय 'डिजिटल इण्डिया व कैशलेस प्रणाली' रखा गया है। सात दिवसीय शिविर का शुभारम्भ समारोह के मुख्य अतिथि व एन० एस० एस० जिला संयोजक डॉ० कृष्णकांत गुप्ता जी के द्वारा दीपशिखा प्रज्वलन के साथ किया गया। एन० एस० एस० कार्यक्रम अधिकारी श्रीमती रितु ने मुख्य अतिथि का स्वागत करते हुए व शिविर का सफल आयोजन के सहयोग के लिए प्राचार्य महोदय का आभार व्यक्त किया। इसके बाद स्वयं सेविका साधना ने एन० एस० एस० के उद्देश्यों के बारे में विस्तार से बताया। एन० एस० एस० की हल्ला बोल टीम ने सामाजिक बुराइयों व एन० एस० एस० के कार्यों पर नुक्कड़ नाटिका प्रस्तुत की। स्वयंसेवक हेमंत ने एन० एस० एस० की गतिविधियों का विस्तार से वर्णन किया।

मुख्य अतिथि महाविद्यालय प्राचार्य डॉ० कृष्णकांत गुप्ता जी ने स्वयंसेवकों को बहते हुए पानी की तरह अपने आप को बदलते युग में डालने की प्रेरणा दी। इस सन्दर्भ में ही उन्होंने हल्ला बोल टीम के स्वयंसेवकों का मनोबल बढ़ाते हुए कहा कि यह टीम तात्कालिक मुद्दों को लेकर अपनी नाटिका तैयार करके दर्शकों को अच्छी प्रस्तुति देती है। आज एन० एस० एस० का उद्देश्य केवल साफ़ सफाई व सामाजिक व्यवस्था तक ही सीमित नहीं रह गया है। आज के युग में डिजिटल व स्मार्ट भारत के प्रारूप

में उभरता नजर आ रहा है। उन्होंने स्वयंसेवकों को अनुशासन में रहकर व मिलकर कार्य करने के लिए प्रेरित किया व स्वयंसेवकों को नम्रता व सहनशीलता के साथ परिस्तिथियों से सामंजस्य बिठाते हुए आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया तभी आप आगे बढ़ पाएंगे व सूरजकुंड मेले में हल्ला बोल टीम को उनकी उत्कृष्ट प्रस्तुति के लिए प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया।

अंत में डॉo रेखा सैन ने स्वयंसेवकों को उत्साहित करते हुए कहा कि अपने जीवन में सफल होने के लिए आत्मविश्वास सकारात्मकता व व्यवहारिकता का समावेश होना जरुरी है और उन्होंने मुख्य अतिथि व अन्य सभी का धन्यवाद किया। इस उद्घाटन समारोह के सफल आयोजन के लिए हेमंत, करण, दीपिका, निकिता, अश्विन, शशांक, दिव्या, कविता, वन्दना, हिनाक्षी आदि ने योगदान दिया।